महात्मा ज्योतिबा फुले
रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

# Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly

# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

Date 01 -06-2016

To,

Principals of All Colleges

Affiliated to M J P Rohilkhand University

Bareilly

Dear Sir,

Often at the time of college visit, it was noticed that the students do not possess complete information regarding the University and its regular activities. To create awareness among students and other stakeholders regarding the university, I am sending herewith the message of the Hon'ble Vice-chancellor in English and Hindi version, which contains fruitful information on this issue.

Kindly publish this message in your college prospectus at appropriate place.

With regards,

Sincerely yours

**(Dr. Sahab Lal Maurya)**

Registrar

Registrar
M. J. P. Rohilkhand University
Bareilly

# Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड वि□वविद्यालय, बरेली



## Message from the Vice Chancellor

Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University established in 1975 occupies perennial status by being the only state university in the entire Rohilkhand region that comprises of 421 colleges spreading over 9 districts. It is marching towards excellence by making continuous rigorous efforts to disseminate knowledge, promote innovative research and to contribute in establishing an equitable society that transcends knowledge beyond religion, caste, creed and nation. The University equips the students with technical and professional knowledge and provides an environment that encourages research, innovation and critical thinking and to prepare them to face the challenges of life ahead.

During the last two years the university has taken some revolutionary and remarkable steps to bring quantitative and qualitative improvement in the university. The university has taken a giant leap ahead in the direction of digitalization of the evaluation system. From the session 2014-15 coding system in evaluation of answer sheets has been adopted by the university for the campus as well as for all the affiliated colleges of the university. The previous roll numbers system had some loopholes and it was found that more efforts were needed in the direction to bring objectivity and transparency in the evaluation system. Keeping this in view, a solution to this problem has been found in the form of coding system. Now each and every answer sheet is coded before evaluation that ensures complete transparency and objectivity in the

evaluation. Cover page of answer booklets has been made OMR based to maintain sanctity. Single answer booklet of sufficient pages (no supplementary booklet) is provided to students. Other than this all PG courses of campus are following semester system with continuous comprehensive evaluation. On-line examination form is submitted for all courses in the campus as well as in the affiliated colleges. All these steps ensure easy, quick and objective examination and evaluation system leading to benefit the students. Some other significant steps taken by the university to help the students are as follows.

From the session 2014-15 the university has introduced subject combination system for undergraduate students. This system has minimized the anomalies in the choice of subjects by students. The greatest benefit of adopting this system is the reduced time span of examination as it has reduced the period of conducting examination which eventually shall help in regularizing the session.

During the period of their studiesusually the students have to face many problems in deciding whom they should approach to for solution of the troubles. Since 2014 Single Window System has been introduced in the university for Redressal of Students' Problems. This practice has been adopted by the university with a view to redress all the problems of students at one place, to address the problem of students in minimum possible time, to minimize the chances of conflict among students and university administration, and to give satisfactory solution to the problems of students. Another positive move for students' welfare is to begin UGC-NET Examination Centre in Bareilly. Due to rigorous efforts of the university center for UGC-NET Examination Dec., 2014 was given to University by UGC after a long gap of 17-18 years benefitting NET aspirant students studying in Bareilly and nearby localities**.** Following UGC's Ph. D. regulation 2009, the university has prepared Ph.D. ordinance in 2014. Now after approval of the Ph. D. ordinance by the Hon'ble Chancellor, the process of Ph. D. has been started in the university. In the front of professional education, Bachelor of Pharmacy course has been running in the university campus since 1997 and there was great demand to start M.Pharm. programme. After the approval by AICTE and Higher Education Department of U. P. Government recently the university introduced M.Pharm. programme in the campus with 36 seats. To promote research in Applied Sciences and Engineering, the top priority of the university is to make the Central research laboratory well equipped. After installment of necessary equipment, the lab will be open for use as a central facility for all researchers of the university campus and affiliated colleges. It would also be available to students and researchers from other universities as well.

Along with curricular activities the university also promotes co-curricular activities in campus and affiliate colleges. In 2014-15 the university obtained 4 medals in All India Inter-university tournaments, including one Gold Medal in All India Boxing

Championship in 64 Kgs. category and two Bronze Medals in All India Inter-University Athletics. This year Four NSS volunteers (all girls) of the university participated in Republic Day Parade 2016.

The compliance with NAAC is both mandatory as well as desirable. Keeping in focus the significance of accreditation the University has recently presented itself for assessment and accreditation by NAAC. The university is also taking various measures to motivate its affiliated colleges to get accredited by NAAC.

Since long time it was felt that the university must have some medium to propagate information regarding academic and other activities ongoing in the university, to exhibit its achievements and to share information on various activities, achievements of the students among the stakeholders. The university recently started MJP RU NEWS BULLETIN to fulfill this vacuum.

To sum up, continuous efforts are being made to ensure that the university marches ahead on the way to progress. In all academic and other fronts, it adopts students centric approach. The university is the first in the state to declare the result of Undergraduate and Postgraduate courses running in its affiliated colleges making it NUMBER ONE in the State where the session is completely regular. The university is making constant efforts towards qualitative improvement in general and professional education.

My best wishes to all of you.

**Prof. Mushahid Husain**

Vice Chancellor

| **Contact Details of University Administration** | | |
|---|---|---|
| Vice -Chancellor | Prof. Mushahid Husain | 0581-2527282, 2523334Fax 2528384<br>9412761430 , e-mail vcoffice@mjpru.ac.in |
| Pro-Vice Chancellor | Prof. V. P. Singh | 0581-2521416, 2527407<br>9837371388 e-mail-singhvp03@yahoo.com |
| Registrar | Dr. Sahab Lal Maurya | 0581-2527263, 2521122,9415291923<br>e-mail registrarmjpru@gmail.com |
| Finance Officer | Mr. P S Chaudhary | 0581- 2527273 , 2528108 |
| D. S. W. | Prof. Neelima Gupta | 0581 -2520110, 9412376677 |
| Chief Proctor | Prof. B. R. Kukreti | 0581-2521041, 9412604920,<br>e-mail chiefproctor@mjpru.ac.in |
| NSS Coordinator | Dr. Manveer Singh | 9412852556 |
| University Web-site | | www.mjpru.ac.in |

# Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली



## कुलपति का संदेश

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय 1975 में अपनी स्थापना के समय से ही रुहेलखण्ड क्षेत्र में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। इसके अन्तर्गत वर्तमान में 421 महाविद्यालय सम्बद्ध हैं। यह विश्वविद्यालय ज्ञान के प्रसार तथा नवीन शोध को प्रोत्साहित करते हुए धर्म, जाति,वर्ग से परे एक समतामूलक समाज की स्थापना का लक्ष्य रखते हुए विकास पथ पर अग्रसर है। सामान्य शिक्षा के साथ–साथ विश्वविद्यालय छात्रों को तकनीकी व व्यवसायिक शिक्षा भी प्रदान कर रहा है तथा एक ऐसे वातावरण का सृजन कर रहा है जिसमें शोध, नवोन्मेष तथा सृजनात्मक विचारों को प्रोत्साहन मिले तथा छात्र भावी जीवन की चुनौतियों का सामना करने हेतु तैयार हों।

विगत दो वर्षों में महात्मा ज्योतिबा फुले, रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय ने कुछ सराहनीय व नवीन कदम उठाये हैं। विश्वविद्यालय में संख्यात्मक व गुणात्मक सुधार हेतु विश्वविद्यालय ने मूल्यांकन प्रणाली में डिजिटलाइजेशन प्रारम्भ करते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। सत्र 2015 से विश्वविद्यालय परिसर के साथ–साथ सभी सम्बद्ध महाविद्यलयों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में कोडिंग प्रणाली अपनाई गई है। पूर्व में प्रचलित अनुक्रमांक प्रणाली में कुछ कमियां पाई गई थी तथा यह भी महसूस किया जा रहा था कि मूल्यांकन प्रणाली में वस्तुनिष्ठता व पारदर्शिता लाने हेतु सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है। कोडिंग प्रणाली इस समस्या का बड़ा समाधान है। वर्तमान में मूल्यांकन से पूर्व प्रत्येक उत्तर पुस्तिका को एक कोड दिया जाता है जिससे कि मूल्यांकन में सम्पूर्ण पारदर्शिता व वस्तुनिष्ठता रहती है उत्तर पुस्तिका का मुख्य पृष्ठ ओ0 एम0 आर0 आधारित बनाया गया है। छात्रों को पर्याप्त पृष्ठों की एक ही उत्तर पुस्तिका प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में संचालित सभी पाठयक्रमों में सेमेस्टर प्रणाली व सतत एवं सघन मूल्यांकन अपनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर व सभी सम्बद्ध महाविद्यालयओं में ऑन–लाइन

परीक्षा फार्म भरने का प्रावधान किया गया है। इन सभी प्रयासों से छात्र हित में सरल, शीघ्र व निष्पक्ष परीक्षा व मूल्यांकन सम्पादित करने में सहायता मिल रही है। स्नातक स्तर पर छात्रों के लिए सत्र 2014–15 से विश्वविद्यालय में विषय संयोजन प्रणाली प्रारम्भ की गई है।इससे छात्रों के द्वारा विषय चयन की समस्त विसंगतियां समाप्त हो गई है।इसका सबसे बड़ा लाभ है कि विषय सयोजन से समय पर परीक्षा व मूल्याकंन कार्य करने में सहायता मिल रही है एवं परीक्षा परिणाम समय पर घोषित हो रहे हैं।

अध्ययन के दौरान छात्रो को यह समझने में बहुत कठिनाई होती थी कि अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु वह विश्वविद्यालय में किस व्यक्ति से सम्पर्क करें । वर्ष 2014 से छात्रों की समस्या समाधान हेतु विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में ''सिगंल विन्डो सिस्टम'' प्रारम्भ किया गया है। विश्वविद्यालय में यह प्रणाली इस उद्देश्य से प्रारम्भ की गयी है कि छात्रों की सभी समस्याओं का एक ही स्थान पर कम से कम समय में संतोषजनक रुप से समाधान किया जा सके। छात्र हित में एक अन्य महत्वपूर्ण कदम है बरेली में यू0 जी0 सी0 नेट की परीक्षा का केन्द्र बनवाना,दिसम्बर 2014 में लगभग 17–18 वर्ष के पश्चात रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के प्रयासों द्वारा बरेली में यू0 जी0 सी0 नेट परीक्षा के केन्द्र बने जिससे कि बरेली व आसपास के क्षेत्रो के नेट परीक्षा के अभ्यर्थी लाभान्वित हुए। यू0 जी0 सी0 के 2009 के पीएच0डी0अध्यादेश का अनुपालन करते हुए विश्वविद्यालय ने वर्ष 2014 में अपना पीएच0 डी0 अध्यादेश निर्मित किया। श्रीमान कुलाधिपति द्वारा इस अध्यादेश का अनुमोदन करने के पश्चात विश्वविद्यालय में पीएच0 डी0प्रक्रिया पुनः प्रारम्भ हो चुकी है। विश्वविद्यालय में बी. फार्मा वर्ष 1997 से संचालित है तथा एम0 फार्मा प्रारम्भ करने की अत्यन्त आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ए0 आई0 सी0 टी0 ई0 व उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के अनुमोदन के पश्चात वर्ष 2015 से विश्वविद्यालय में एम0 फार्मा पाठयक्रम प्रारम्भ हो चुका है। विज्ञान के क्षेत्र में शोध को प्रोत्साहन देने हेतु विश्वविद्यालय परिसर में सेन्ट्रल रिसर्च लैब स्थापित की गयी है। इस प्रयोगशाला को अत्याधुनिक उपकरणों से सज्जित किया जा रहा है। इस प्रयोगशाला से विश्वविद्यालय तथा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयओं के शिक्षक एवं शोधार्थी लाभान्वित होगें।

पाठ्यगामी क्रियाओं के साथ–साथ विश्वविद्यालय अपने परिसर तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में पाठ्य–सहगामी क्रियाओं व गतिविधियों को भी प्रोत्साहन दे रहा है। विगत दो वर्षों में विश्वविद्यालय नेराज्य स्तरीय, उत्तर क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की कई खेल प्रतियोगिताएं अपने परिसर में आयोजित की हैं। वर्ष 2014–15 में विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय अर्न्तविश्वविद्यालयी प्रतियोगिताओं में विभिन्न खेलों में 5 पदक प्राप्त हुए है। जिनमें एक अखिल भारतीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता (64किलोग्रामवर्ग)में प्राप्त स्वर्ण पदक तथा अखिल भारतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्राप्त 2 कांस्य पदक सम्मिलित हैं। गणतन्त्र दिवस परेड 2016 में पूरे उत्तर प्रदेश से एन0 एस0 एस0 की 6 छात्राओं ने भाग लिया जिनमें से 3 छात्राएं हमारे विश्वविद्यालय सेथी।

नैक द्वारा मूल्यांकन की आवश्यकता व महत्व को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय ने वर्ष 2016 में विश्वविद्यालय परिसर का नैक मूल्यांकन करवाया है तथा विश्वविद्यालय अपने सम्बद्ध महाविद्यालय को भीनैक मूल्यांकन करवाने हेतु कार्यशालाओं के माध्यम से प्रोत्साहित कर रहा है। काफी समय से यह महसूस किया जा रहा था कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य उपलब्धियों को छात्रों तथा अन्य सम्बन्धित लोगों तक पहुॅचाने हेतु कोई सन्तोष जनक माध्यम नहीं है। इस अभाव को दूर करने हेतु विश्वविद्यालय ने वर्ष 2015 से अपना ''एम. जे. पी. आर. यू. न्यूज बुलेटिन'' का प्रकाशन प्रारम्भ किया है।

अपने निरन्तर प्रयासों द्वारा विश्वविद्यालय प्रगति के मार्गपर अग्रसर है। शैक्षणिक व अन्य सभी क्षेत्रों में यहां छात्र केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाया जाता है। पूरे प्रदेश में सर्वप्रथम परीक्षा परिणाम घोषित करने वाला यह प्रदेश का सर्वप्रथम विश्वविद्यालय बन गया है। जहां पर सत्र नियमित है। विश्वविद्यालय सामान्य व तकनीकी शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु निरन्तर प्रयासरत है।

आप सभी को मेरी शुभकामनाएं।

**प्रो० मुशाहिद हुसैन**

कुलपति

| विश्वविद्यालय प्रशासन से सम्पर्क विवरण | | |
|---|---|---|
| कुलपति | प्रो० मुशाहिद हुसैन | 0581-2527282, 2523334Fax 2528384 9412761430 , e-mail vcoffice@mjpru.ac.in |
| प्रति कुलपति | प्रो० वी० पी० सिंह | 0581-2521416, 2527407 9837371388 e-mail-singhvp03@yahoo.com |
| कुल सचिव | डॉ० साहब लाल मौर्य | 0581-2527263, 2521122,9415291923 e-mail registrarmjpru@gmail.com |
| वित्त अधिकारी | श्री पी० एस० चौधरी | 0581- 2527273 , 2528108 |
| अधिष्ठाता, छात्र कल्याण | प्रो० नीलिमा गुप्ता | 0581 -2520110, 9412376677 |
| चीफ प्रॉक्टर | प्रो० बी० आर० कुकरेती | 0581-2521041, 9412604920, e-mail chiefproctor@mjpru.ac.in |
| एन.एस.एस.समन्वयक | डॉ० मनवीर सिंह | 9412852556 |
| विश्वविद्यालयवेबसाइट | | www.mjpru.ac.in |